वैबसाईट पर अपलोड हेतु।

राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) कार्यालय के अन्तर्गत जल जीवन मिशन एवं पैरी अरबन कार्यक्रम में रिक्त प्रतिनियुक्ति के पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्तराखण्ड शासन के अन्तर्गत राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, देहरादून के अधीन संचालित जल जीवन मिशन एवं उत्तराखण्ड पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिनियुक्ति के आधार पर अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, कनिष्ठ अभियन्ता, लेखाकार एवं कार्यालय प्रबन्धक के पदों हेतु विभागीय अनापत्ति सहित आवेदन पत्र दिनांक 01 सितम्बर, 2022 सांय 5:00 बजे तक स्वयं अथवा डाक द्वारा द्वारा संयुक्त अधिशासी अधिकारी, राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तराखण्ड, देहरादून को सम्बोधित करते हुए निम्नलिखित पते पर आमंत्रित किये जाते है। पदों का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र. स. | स्वीकृति पद का विवरण | स्वीकृति पद की संख्या | नियुक्ति का स्रोत | वेतनमान/मानदेय (रू0 में) | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अधिशासी अभियन्ता (पैरी अरबन) | 01 | प्रतिनियुक्ति | रू0 15600–39100 (ग्रेड पे–6600) | उत्तराखण्ड राज्य के पेयजल सैक्टर से प्रतिनियुक्ति पर अधिशासी अभियन्ता स्तर के अधिकारी अथवा सहायक अभियन्ता के पद पर न्यूनतम 04 वर्ष के अनुभव वाले अधिकारी। वांछनीय (Desirable) योग्यता–बैचलर ऑफ सिवलि इंजीनियरिंग अथवा समकक्ष। |
| 2 | सहायक अभियन्ता (जे0जे0एम0) | 03 (2 पद Civil एवं 1 पद Mechanical/ Electrical) | प्रतिनियुक्ति/सेवा स्थानान्तरण | रू0 56100–177500 (लेवल–10) | उत्तराखण्ड राज्य से प्रतिनियुक्ति पर सिंचाई, लघु सिंचाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम एवं उत्तराखण्ड जल संस्थान से न्यूनतम 5 वर्ष तक कनिष्ठ अभियन्ता के पद पर अथवा सहायक अभियनता के पद पर कार्यरत। |
| 3 | कनिष्ठ अभियन्ता (जे0जे0एम0) | 04 | प्रतिनियुक्ति/सेवा स्थानान्तरण | रू0 44900–142400 (लेवल–7) | उत्तराखण्ड राज्य से प्रतिनियुक्ति पर सिंचाई, लघु सिंचाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम एवं उत्तराखण्ड जल संस्थान से कनिष्ठ अभियन्ता के पद पर कार्यरत। |
| 4 | लेखाकार (पैरी अरबन) | 01 | प्रतिनियुक्ति/सेवा स्थानान्तरण | रू0 9300–34800 (ग्रेड पे 4600) | उत्तराखण्ड राज्य से प्रतिनियुक्ति पर स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के लेखा संवर्ग के वाणिज्य स्नातक अनुभवी कार्मिक। टैली साफ्टवेयर का ज्ञान अनिवार्य है। |
| 5 | कार्यालय प्रबन्धक (पैरी अरबन) | 01 | प्रतिनियुक्ति/सेवा स्थानान्तरण | रू0 9300–34800 (ग्रेड पे 4600) | उत्तराखण्ड राज्य से प्रतिनियुक्ति पर स्वीकृत वेतनमान से एक पद नीचे के लिपिक संवर्ग के कार्मिक। |

**पता**– **जल जीवन मिशन कार्यालय, राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, 75/38, इन्दर रोड़, नियर सूरी नर्सिंग होम, डालनवाला, देहरादून–248001 उत्तराखण्ड।**

निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा। शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

संलग्नकः– आवेदन का प्रारूप।

# आवेदन पत्र का प्रारूप

पासपोर्ट साईज फोटो स्वप्रमाणित

1 आवेदित पद का नाम :

2 अभ्यर्थी का नाम :

3 जन्म तिथि :

4 शैक्षिक योग्यता

| क्र0 सं0 | शैक्षिक योग्यता का विवरण | संस्था का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक प्रतिशत | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

5 अनुभव

| क्र0 सं0 | धारित पद का नाम | Firm/Department का नाम | कार्यानुभव | | किये गये कार्यो का विवरण | वेतन/मानदेय | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कब से | कब तक | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

6 पत्राचार हेतु पता :

7 फोन/मोबाईल नं0 :

8 ई–मेल :

9 संलग्नकों की संख्या (प्रमाणित) :

हस्ताक्षर.......................................

दिनांक.........................................